
# 7. पृथ्वी और ग्लोब

## दुनिया गोल है

हमारी पृथ्वी जिस पर ये सारे गांव, शहर, ज़िले, राज्य और देश हैं और ये सब पहाड़, पठार, मैदान व नदियां हैं - गोल है। पृथ्वी एक बहुत बड़ी गेंद की तरह गोल है।

हमें ऐसे देखने पर पृथ्वी गोल नहीं लगती है क्योंकि, पृथ्वी बहुत बड़ी है। हम इसे पूरा का पूरा देख ही नहीं सकते।

हां, जो लोग एक खास तरह के जहाज़ में बैठकर पृथ्वी से बहुत दूर गये हैं, चांद तक गए हैं - उन्होंने वहां से पृथ्वी को देखा है। जैसे हमें पृथ्वी से चांद और सूरज दिखते हैं, वैसे ही चन्द्रमा पर पहुंच कर लोग पृथ्वी को देख सकते हैं। पृथ्वी चांद की तरह आकाश में टंगी हुई एक गोल गेंद सी दिखाई देती है। पृथ्वी का ज़्यादातर हिस्सा नीला दिखाई देता है। यह सागरों का रंग है। बड़े-बड़े ज़मीन के टुकड़े भी दिखते हैं। ये वही टुकड़े हैं जिन पर हम सब रहते हैं। सागर और ज़मीन के ऊपर कहीं-कहीं सफेद बादल भी दिखते हैं।



चन्द्रमा से खींचे गए पृथ्वी के इस चित्र में हम ये चीज़ें देख सकते हैं।


## पृथ्वी पर ज़मीन और पानी ( स्थल व जल )

पृथ्वी पर ज़मीन के बड़े-बड़े हिस्से दिख रहे हैं। ज़मीन के बड़े-बड़े हिस्सों के चारों तरफ लंबे चौड़े समुद्र हैं। इसीलिए ज़मीन के इन बड़े-बड़े हिस्सों को महाद्वीप कहा जाता है। उनके चारों तरफ जो सागर हैं उन्हें महासागर कहा जाता है।

आओ एक नक्शे में स्थल (ज़मीन) और जल (पानी) को रंग कर बताएं। पृष्ट 211 पर पृथ्वी का एक नक्शा बना है जिसमें सारे महाद्वीप व महासागर एक साथ दिख रहे हैं। महासागर लहरों से दिखाए गए हैं। तुम महासागरों को नीले रंग से रंग दो।

नक्शे में दिख रहा बाकी हिस्सा ज़मीन है। इसे पेन्सिल से रंग दो।

## मानचित्र 1. संसार



आर्कटिक महासागर
पेरिस
न्यू यार्क
अटलांटिक महासागर
दिल्ली
बंबई
प्रशांत महासागर
हिन्द महासागर


## महाद्वीप व महासागर

आओ अब जानें कि ज़मीन के इन विशाल टुकड़ों को लोग किन-किन नामों से जानते हैं।

यहां अलग-अलग महाद्वीपों के आकार बने हैं और उनके नाम भी लिखे हुए हैं। इनकी मदद से तुम महाद्वीपों को पहचानो। मानचित्र 2 में हर महाद्वीप पर उसका नाम लिखो और हर महाद्वीप को एक अलग रंग से रंग लो।



## मानचित्र 2. संसार



लगभग हर महाद्वीप में कई बड़े छोटे पहाड़ हैं, पठार व मैदान हैं, नदियां, झीलें व तालाब हैं। सभी महाद्वीपों में कई देश हैं जिनमें करोड़ों लोग रहते हैं। तुम आगे के पाठों में एशिया महाद्वीप और उसके कुछ देशों के बारे में पढ़ोगे।

*मानचित्र 1 में महासागरों के नाम देखो। मानचित्र 2 में महासागरों के नाम भी सही जगह लिखो।*

क्या तुमने कहीं सागर देखा है? तालाब और नदी को तुम कैसे पार करते हो? क्या तुम इसी तरह सागरों को पार कर सकते हो?

सागर बहुत गहरे भी हैं। वहां हवा जब चलती है तो ऊंची लहरें उठती हैं। एक जगह से दूसरी जगह जाने में कई हफ्ते तक लग जाते हैं। कई दिनों तक चारों ओर सिर्फ पानी ही पानी दिखता है, ज़मीन दिखती ही नहीं। बड़े सागरों को पार करने के लिए बड़े जहाज़ों में सफर करना पड़ता है। इस पुस्तक में कई जगह जहाज़ों के चित्र दिये गये हैं। उन्हें देखो।

चलो नक्शे में ही एक जगह से दूसरी जगह जा कर देखें।

*यदि तुम्हें दिल्ली से पेरिस, जाना है तो स्थल या सागर, कहां से जा सकते हो?*

*तुम किस महाद्वीप से किस महाद्वीप को गए? अगर तुमने सागर पार किया तो कौन सा?*

*बंबई से यदि न्यू यार्क जाना हो तो क्या स्थल से होते हुए पहुंच सकते हो?*

*मानचित्र पर उंगली फेर कर बताओ कि किस रास्ते से जा सकते हो?*

## ग्लोब

गोल पृथ्वी की बात सबसे अच्छी तरह समझने के लिए ग्लोब देखो। यह गोल पृथ्वी का नमूना है यानी माडल है। जैसे तुम बड़ी बैलगाड़ी को ठठेरे या मिट्टी से छोटे में बना देते हो, वैसे ही अपनी विशाल पृथ्वी को छोटे में बनाया गया है।

दुनिया के सभी देश ग्लोब पर अलग-अलग रंगों में दिख रहे हैं। नीले रंग में सागर दिख रहे हैं।

*तुम भारत देश पर उंगली रखो और किसी भी दिशा में उंगली आगे बढ़ाते जाओ। उंगली वापस लाए बिना दुबारा भारत देश पर उंगली लाओ। सभी बच्चे ग्लोब पर एक-एक देश चुनकर बारी-बारी यह खेल खेल सकते हैं।*

### भूमध्य रेखा, कर्क रेखा, मकर रेखा

तुमने ग्लोब का चक्कर लगाते-लगाते देख लिया होगा कि उस पर कई आड़ी व खड़ी रेखाएं बनी हुई हैं। ग्लोब पर ये रेखाएं भला क्यों बनाई गई हैं? इन रेखाओं की मदद से हमें यह बताने में आसानी होती है कि ग्लोब पर कोई जगह कहां है?

जैसे, अगर कोई कहे कि ग्लोब में जावा नाम का द्वीप ढूंढो। तुम इतने बड़े ग्लोब में कहां-कहां ढूंढोगे? पर अगर हम कहें कि जावा द्वीप भूमध्य रेखा पर है तो तुम उसे आसानी से ढूंढ पाओगे।

पृथ्वी का बीचोंबीच बताने के लिए ग्लोब पर एक मोटी रेखा खिंची हुई है। इसे **भूमध्य रेखा** और **विषवत् रेखा** दो नाम से जाना जाता है। इस रेखा को ग्लोब पर ढूंढो और उसके पूरे घेरे पर उंगली फेरो। यह रेखा ग्लोब को दो बराबर हिस्सों में बांट देती है - उत्तरी हिस्सा और दक्षिणी हिस्सा।

*भूमध्य रेखा किन महाद्वीपों में से खिंची हुई है, नाम लिखो।*

भूमध्य रेखा के कुछ उत्तर में **कर्क रेखा** नाम की रेखा ढूंढो तथा दक्षिण में **मकर रेखा** ढूंढो।

*कर्क और मकर रेखाओं के पूरे घेरे पर उंगली फेरो।*

*कर्क रेखा किन महाद्वीपों से गुज़रती है?*

*मकर रेखा किन महाद्वीपों से गुज़रती है?*

*भारत के बीच से कौन सी रेखा गुज़रती है?*

*भारत भूमध्य रेखा के उत्तर में है या दक्षिण में?*

तुमने ध्यान दिया होगा कि भूमध्य रेखा से जितनी दूर उत्तर में जाने पर कर्क रेखा बनी है, भूमध्य रेखा से उतनी ही दूर दक्षिण में जाने पर मकर रेखा बनी है। ये बातें हम मानचित्र 2 देख कर भी समझ सकते हैं।

## ध्रुव

अब तक तुमने देख ही लिया होगा कि पृथ्वी के दो सिरे थोड़े चपटे हैं। एक सिरा **उत्तरी ध्रुव** कहलाता है। दूसरा सिरा **दक्षिणी ध्रुव** कहलाता है।

**ग्लोब** में इन्हें पहचानो।

*उत्तरी ध्रुव व दक्षिणी ध्रुव के पास की दो-दो जगहों के नाम बताओ।*

*खाली स्थान भरो-*

*उत्तरी ध्रुव की ........... दिशा में भूमध्य रेखा है।*

*दक्षिणी ध्रुव की .............. दिशा में भूमध्य रेखा है।*

*अफ्रीका महाद्वीप उत्तरी ध्रुव और ......... ध्रुव के बीच में है।*

*सही गलत बताओ-*

*ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप भूमध्य रेखा और कर्क रेखा के बीच में है।*

*एशिया महाद्वीप उत्तरी ध्रुव से शुरू हो कर कर्क रेखा पर खत्म हो जाता है।*

*उत्तर अमेरिका महाद्वीप दक्षिणी ध्रुव के पास है।*

*दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से मकर रेखा गुज़रती है।*